साथी पोर्टल

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (Department of Agriculture & Farmers' Welfare- DA&FW)) **ने** नई दिल्ली में **बीज प्रमाणीकरण, पता लगाने की क्षमता और समग्र सूची (SATHI) पोर्टल** पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया।

- राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र **(National Informatics Centre- NIC)** द्वारा विकसित इस पोर्टल का उद्देश्य बीज प्रमाणीकरण और सूची प्रबंधन में क्रांतिकारी बदलाव लाना तथा किसानों की बीज की गुणवत्ता और पता लगाने संबंधी चिंताओं का समाधान करना है।
  - यह पंजीकरण, अनुमोदन और प्रमाणन **के लिये लेन-देन संबंधी समय को न्यूनतम करने हेतु प्रक्रियाओं को अनुकूलित करेगा, साथ ही पर्यावरण के अनुकूल परिचालन विकल्प भी प्रदान करेगा।**
- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय **(Ministry of Electronics and Information Technology- MeitY)** के अंतर्गत NIC सरकार का प्रौद्योगिकी साझेदार है।
  - इसकी स्थापना वर्ष 1976 में विकास के विभिन्न पहलुओं में केंद्र और राज्य सरकारों को**प्रौद्योगिकी-संचालित समाधान प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी।**
- **अन्य संबंधित पहल:** डिजिटल कृषि मिशन , एकीकृत किसान सेवा मंच (UFSP), तथा **कृषि में** राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना (NEGP-A)

और पढ़ें: कृषि क्षेत्र के लिये पहल

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sathi-portal-1